प्रशिक्षण कार्यक्रम

शुष्क क्षेत्रों में टिकाऊ खेती एवं संसाधनों के समुचित उपयोग का परिचय

(05 से 11 अक्टूबर 2023) का समापन्न समारोह

भा. कृ. अनु. प.- काजरी, कुकमा, भुज में दिनांक 11 अक्टूबर 2023 को “शुष्क क्षेत्रों में टिकाऊ खेती एवं संसाधनों के समुचित उपयोग का परिचय” विषय पर चल रहे सात दिवसीय (05 से 11 अक्टूबर 2023) प्रशिक्षिण कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लोक भारती ग्रामीण विध्यापीठ (विश्व विधायलय), सणोसरा, भावनगर, गुजरात के बी. वोक. ओर बी. आर. एस. विषय के कुल 23 विध्यार्थी भाग लिया। समापन समारोह की अध्यक्षता संस्था प्रधान डॉ. मनीष कावंत, अध्यक्ष काजरी, कुकमा, भुज ने की और सभी प्रतिभागियों को भाग लेकर इसे सफल बनाने एवं इसे नेतिक एवं व्यवहारिक जीवन मे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रशिक्षिण कार्यक्रम में काजरी की स्थापना, प्रशिक्षिण कार्यक्रम की आवश्यकता, काजरी के कार्य-उद्देश्य, इसकी गतिविधीयों के साथ-साथ मुख्य विषय के रूप में मिट्टी ओर पानी के नमूने जीपीएस कोर्डिनेट के साथ एकत्र करना, उनका विश्लेषण, सिंचाई जल प्रबंधन, कांटा रहित थोर, अजोला एवं मशरूम लगाने की जानकारी प्रक्षेत्र मे लगवाकर दी गई। काजरी के प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान श्री अन्न, कृषि-वोल्टिक तंत्र, वर्षा जल संग्रहण, घास एवं लवण सहनशील घास इकाइयों का परिचय एवं महत्व बताया गया। समापन समारोह मे श्री अभिषेक पटेल एवं डॉ रामनिवास ने अपने विचार रखे। डॉ. सीताराम जाट (तकनीकी अधिकारी, काजरी) ने मंच संचालन किया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गये। कार्यक्रम के अंत में डॉ शीतल के. आर. ने लोक भारती विश्वविध्यालय के कुलपति महोदय की दूरदर्शिता को सराहने के साथ-साथ, इस कार्यक्रम के संयोजक एवं संस्था प्रधान डॉ. मनीष कावंत को प्रक्षीक्षण का सफल मार्गदर्शन करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही साथ संस्थान के सभी कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद प्रगट किया।